# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — पंचदश (बजट) सत्र

संख्या-06 — मंगलवार, दिनांक-29 जनवरी, 2019 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 4.44 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री दीपक बिरूवा ने ईचागढ़-खरकई डैम के विस्थापितों का मामला आसन के ध्यान में लाया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, सर्वश्री पौलुस सुरीन, निरल पुरती एवं श्री दशरथ गागराई ने भी किया।)

### 1.कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, डॉ० इरफान अंसारी एवं श्री कुणाल षडंगी द्वारा रोजगार के अभाव में पलायन एवं दूसरे राज्य के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी दिये गये कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किया गया।

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

#### (i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-04

(क) उत्तरित कुल-03, अ० सू०-60 श्री अरुप चटर्जी, स० वि० स०,
अ० सू०-61 श्री सुखदेव भगत, स० वि० स०,
अ० सू०-62 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०।

(ख) स्थगित मात्र-01, अ० सू०-63 श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०।
(अगली तिथि के लिये)

#### (ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-67

(क) उत्तरित कुल-06, तारां० -144 श्रीमती गीता कोड़ा, स० वि० स०,
(आदेश से माननीय सदस्य, श्री सुखदेव भगत द्वारा पूछा गया।)
तारां० -145 श्री प्रकाश राम, स० वि० स०,
तारां० -146 श्रीमती बबीता देवी, स० वि० स०
तारां० -147 श्री स्टीफेन मराण्डी, स० वि० स०,
तारां० -148 श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
तारां० -149 श्री राज कुमार यादव, स० वि० स०।

(ख) अनागत कुल-61, तारां० -150 से 210 तक।

कृ०पृ०उ०

**3.शून्यकाल :-**

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री ज़गरनाथ महतो,

श्रीमती निर्मला देवी **(माननीय सदस्या, श्रीमती देवी अपने मोबाईल के स्क्रीन पर अंकित शून्यकाल को पढ़ रही थीं जिसपर माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने आपत्ति जतायी, लेकिन आसन द्वारा इसे प्रथम गलती मानते हुए संज्ञान में नहीं लिया गया।),**

श्री राज कुमार यादव,

श्री नागेन्द्र महतो,

श्री दशरथ गागराई,

श्री योगेश्वर महतो,

श्री हरिकृष्ण सिंह,

श्री नारायण दास,

श्री रवीन्द्रनाथ महतो,

श्रीमती गंगोत्री कुजूर,

श्री दीपक बिरूवा,

श्री केदार हजरा,

डॉ० इरफान अंसारी,

श्री लक्ष्मण टुडू,

श्री अरुप चटर्जी,

श्री कुणाल षडंगी,

श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,

श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी एवं

श्रीमती बिमला प्रधान।

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा अपने क्षेत्र में गंगा नदी से हो रहे कटाव तथा माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा उन्हें मिल रही धमकी के सम्बन्ध में आसन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट किया गया जिसे संज्ञान में लिया गया।)**

**4.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें:-**

i- श्रीमती बिमला प्रधान, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- श्री मनोज कुमार यादव, स०वि०स० द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- श्री रवीन्द्रनाथ महतो एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- श्री भानू प्रताप शाही एवं अन्य स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ एवं

v- श्रीमती गीता कोड़ा, स०वि०स० एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

क्र० पृ०उ०

**5.लम्बित ध्यानाकर्षण सम्बन्धी सूचना:-**

लम्बित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनाओं को वक्तव्य हेतु **दिनांक-30.01.2019 को 10.00 बजे पूर्वा० से 11.00 बजे पूर्वा०** तक लिये जाने सम्बन्धी सूचना आसन से दी गयी।

**6. सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-**

i- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की प्रभारी मंत्री, श्रीमती लुईस मराण्डी द्वारा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित लेखा (2016-17) की प्रति सभा पटल पर रखी गयी एवं

ii- माननीय सभापति, श्री अशोक कुमार द्वारा सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति का 24वाँ प्रतिवेदन झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-216 (1) के तहत सभा पटल पर रखा गया।

**7.वित्तीय कार्य:-**

पुकारे जाने पर माननीय कृषि मंत्री, श्री रंधीर कुमार सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों खण्ड-(01) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (डेयरी प्रभाग), जल संसाधन विभाग (जल संसाधन प्रभाग) एवं जल संसाधन विभाग (लघु सिंचाई प्रभाग) सभा में प्रस्तुत किया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**8.वित्तीय कार्य(क्रमांक-07 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों पर वाद-विवाद में भाग लिये जाने के निमित्त आसन से समय आवंटन की घोषणा की गयी तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी। इसके उपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री केदार हजरा,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री आलमगीर आलम,
श्रीमती बिमला प्रधान एवं
श्री जगरनाथ महतो तदुपरांत माननीय मंत्री, श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी द्वारा जल संसाधन विभाग से सम्बन्धित उत्तर दिया गया।

**इस क्रम में कृषि स्नातकों की नियुक्ति भूमि संरक्षण पदाधिकारी के रूप में किये जाने की ओर सम्बन्धित मंत्री का ध्यान आसन द्वारा आकृष्ट किया गया।** इसके बाद सरकार की ओर से माननीय कृषि मंत्री, श्री रंधीर कुमार सिंह द्वारा उत्तर दिया गया।

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सदन से अनुपस्थित रहने के कारण माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया तत्पश्चात् ध्वनिमत से उपर्युक्त माँग स्वीकृत हुई।

क्र० पृ०उ०

## 9.आसन से सूचनाः-

आसन से सदन को निम्न सूचनायें दी गयी-

**i-** दिनांक-31.01.2019 को सदन की कार्यवाही स्थगन के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री-11 तथा माननीय अध्यक्ष-11 के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा,

**ii-** दिनांक-05.02.2019 को सदन की कार्यवाही स्थगन के उपरांत माननीय सदस्य-11 तथा पत्रकार-11 के बीच मैत्रीपूर्ण फुटवॉल मैच का आयोजन किया जायेगा एवं

**iii-** दिनांक-31.01.2019 को भोजनावकाश के दौरान वर्त्तमान सत्र की सामूहिक फोटोग्राफी होगी।

उक्त अवसरों पर सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति हेतु आसन द्वारा आग्रह किया गया।

## 10.शोक प्रकाशः-

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, जार्ज फर्नान्डीस के निधन पर आसन द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त की गयी। इसके बाद सदन नेता, माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास एवं विपक्ष की ओर से माननीय सदस्य, श्री स्टीफेन मराण्डी द्वारा भी बारी-बारी से शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आत्म-शांति की कामना की गयी तदुपरांत सदन में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही **बुधवार, दिनांक-30 जनवरी, 2019 के 10.00 बजे पूर्वाह्न** तक के लिए स्थगित की गयी ।

राँची,
दिनांक- 29 जनवरी, 2019 ई०।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।